जड़का हुआ है जो उसको आगे बढ़ने से रोकती हैं और जो देश में रहने वालों में फूट डालती है, जो बेशुमार लोगों को दबाए रखती हैं और जो शरीर और आत्मा के विकास को रोकती हैं। चाहे यह सब मैं चाहता हूँ, फिर भी मैं यह नहीं चाहता कि मैं अपने को इन पुरानी बातों से बिल्कुल अलग कर लूं। मुझे फख्र है इस शानदार उत्तराधिकार का, इस विरासत का जो हमारी रही है और हमारी है, और मुझे यह भी अच्छी तरह से मालूम है कि मैं भी, हम सभों की तरह, इस ज़ंजीर की एक कड़ी हूँ जोकि कभी नहीं और कहीं नहीं टूटी है और जिसका सिलसिला हिन्दुस्तान के अतीत इतिहास के प्रारम्भ से चला आता है। यह सिलसिला मैं कभी नहीं तोड़ सकता, क्योंकि मैं उसकी बेहद कद्र करता हूँ और इस से मुझे प्रेरणा, हिम्मत और हौसला मिलता है। मेरी इस आकाँक्षा का पुष्टि के लिए और भारत की संस्कृति की श्रद्धांजलि भेंट करने के लिए मैं यह दरखास्त करता हूँ कि मेरी भस्म की एक मुठ्ठी इलाहाबाद के पास गंगा में डाल दी जाए, जिस से कि वह उस महासागर में पहुँचे जो हिन्दुस्तान को घेरे हुए हैं।

मेरी भस्म के बाकी हिस्से का क्या किया जाए। मैं चाहता हूँ कि इसे हवाई जहाज में ऊंचाई पर ले जाकर बिखेर दिया जाए उन खेतों पर जहां भारत के किसान मेहनत करते हैं, ताकि वह भारत की मिट्टी में मिल जाए और उसी का अंग बन जाए।

जवाहरलाल नेहरू

—श्रीमती पर्लबक

प्रत्येक शताब्दी में कुछ ऐसे लोग होते हैं, जो मानवमात्र के जीवन को प्रभावित करते हैं। जवाहरलाल नेहरू एक ऐसे ही व्यक्ति थे। पूर्व और पश्चिम के हम सब लोगों को उन्होंने जितने समय तक प्रभावित किया, उतने समय तक अन्य किसी एक व्यक्ति ने नहीं किया और उनका प्रभाव सदा अच्छी बातों के लिए ही हुआ। कभी कभी कुछ ऐसे लोगों ने जो उन्हें नहीं समझते, उनकी अनुचित आलोचना की, पर उन्होंने सचाई का रास्ता नहीं छोड़ा। जिसके परिणामस्वरूप उनकी स्वतन्त्र विचारधारा के लिए

सर्वत्र उनका सम्मान होता है और उनकी ईमानदारी और व्यक्तित्व के लिये लोग उन्हें प्रेम करते हैं।

वे जन्मजात नेता थे। उन्हीं दिनों से मैं उनसे प्रभावित हूँ जब वे युवक थे और महात्मा गांधी के अनुयायी थे। मैं महात्मा गांधी से भी बहुत प्रभावित थी। मैं महात्मा गांधी जैसे व्यक्ति के प्रभाव से परिचित थी पर मुझे यह देखकर आश्चर्य होता था कि युवक जवाहरलाल कैसे अपने स्वतन्त्र व्यक्तित्व को बनाए हुए हैं, जबकि महात्मा जी के प्रति उनके सम्मान और प्रेम में ज़रा भी कमी नहीं हुई। किसी के प्रति इतना अधिक सम्मान रखना पर अपने स्वतन्त्र व्यक्तित्व को बनाए रखना उनकी महानता का प्रतीक था।

मेरे देश के नेताओं ने प्रधान मन्त्री नेहरू को न समझकर कभी-कभी जो अदूरदर्शिता दिखाई, मैंने सदा उसकी निन्दा की। जवाहरलाल नेहरू ने कभी किसी से बदला नहीं लिया और न ही कटुता दिखाई। उनके इस आचरण में मुझे उनकी महानता के दर्शन हुए। समय ने उनकी नीतियों का औचित्य सिद्ध कर दिया है। उनके नेतृत्व में भारत पूर्व और पश्चिम के मिलाप की कड़ी बना। इतिहास के इस सर्वाधिक नाज़ुक दौर में जवाहर-लाल नेहरू ने अपने देश की एकता बनाए रखी, भारत की विविधता को एकता का जामा पहनाया और इसे इतना मज़बूत बना दिया कि मैं समझती हूँ कि सदियों तक यह चट्टान सा दृढ़ खड़ा रहेगा।

मैं जवाहरलाल नेहरू के व्यक्तित्व के अन्य पक्षों को नहीं भुला सकती—उनका आकर्षण, उनकी कुशाग्रता और उनकी शालीनता। मैं समझती हूँ कि यदि हमारा यह युग अधिक शांतिपूर्ण होता तो वे एक लेखक के रूप में संसार के सामने आते क्योंकि उनकी शैली की अपनी विशिष्टता थी और उनकी कल्पना जीवन्त थी। यदि उन्हें अपना समय अपने देश की राजनीतिक सेवा में न लगाना होता तो वे अनेकों पुस्तकें लिखते। मुझे खेद है कि वे ये पुस्तकें न लिख सके। उन्होंने जो महत्वपूर्ण पुस्तकें लिखी हैं उनके लिए मैं आभारी हूँ। उनकी इन सब पुस्तकों का बुनियादी महत्व है। पर मैं इस सचाई को समझती हूँ कि भारत को पुस्तकों से अधिक उनके सक्रिय नेतृत्व की आवश्यकता थी।

चाहे कुछ भी हो जवाहरलाल नेहरू को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने गांधी जी के नेतृत्व में अपने जीवन की शुरूआत की पर जल्दी ही

The Last Journey

सर्वत्र उनका सम्मान होता है और उनकी ईमानदारी और व्यक्तित्व के लिये लोग उन्हें प्रेम करते हैं।

वे जन्मजात नेता थे। उन्हीं दिनों से मैं उनसे प्रभावित हूँ जब वे युवक थे और महात्मा गांधी के अनुयायी थे। मैं महात्मा गांधी से भी बहुत प्रभावित थी। मैं महात्मा गांधी जैसे व्यक्ति के प्रभाव से परिचित थी पर मुझे यह देखकर आश्चर्य होता था कि युवक जवाहरलाल कैसे अपने स्वतन्त्र व्यक्तित्व को बनाए हुए हैं, जबकि महात्मा जी के प्रति उनके सम्मान और प्रेम में जरा भी कमी नहीं हुई। किसी के प्रति इतना अधिक सम्मान रखना पर अपने स्वतन्त्र व्यक्तित्व को बनाए रखना उनकी महानता का प्रतीक था।

मेरे देश के नेताओं ने प्रधान मन्त्री नेहरू को न समझकर कभी-कभी जो अदूरदर्शिता दिखाई, मैंने सदा उसकी निन्दा की। जवाहरलाल नेहरू ने कभी किसी से बदला नहीं लिया और न ही कटुता दिखाई। उनके इस आचरण में मुझे उनकी महानता के दर्शन हुए। समय ने उनकी नीतियों का औचित्य सिद्ध कर दिया है। उनके नेतृत्व में भारत पूर्व और पश्चिम के मिलाप की कड़ी बना। इतिहास के इस सर्वाधिक नाजुक दौर में जवाहरलाल नेहरू ने अपने देश की एकता बनाए रखी, भारत की विविधता को एकता का जामा पहनाया और इसे इतना मजबूत बना दिया कि मैं समझती हूँ कि सदियों तक यह चट्टान सा दृढ़ खड़ा रहेगा।

मैं जवाहरलाल नेहरू के व्यक्तित्व के अन्य पक्षों को नहीं भुला सकती—उनका आकर्षण, उनकी कुशाग्रता और उनकी शालीनता। मैं समझती हूँ कि यदि हमारा यह युग अधिक शांतिपूर्ण होता तो वे एक लेखक के रूप में संसार के सामने आते क्योंकि उनकी शैली की अपनी विशिष्टता थी और उनकी कल्पना जीवन्त थी। यदि उन्हें अपना समय अपने देश की राजनीतिक सेवा में न लगाना होता तो वे अनेकों पुस्तकें लिखते। मुझे खेद है कि वे ये पुस्तकें न लिख सके। उन्होंने जो महत्वपूर्ण पुस्तकें लिखी हैं उनके लिए मैं आभारी हूँ। उनकी इन सब पुस्तकों का बुनियादी महत्व है। पर मैं इस सचाई को समझती हूँ कि भारत को पुस्तकों से अधिक उनके सक्रिय नेतृत्व की आवश्यकता थी।

चाहे कुछ भी हो जवाहरलाल नेहरू को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने गांधी जी के नेतृत्व में अपने जीवन की शुरूआत की पर जल्दी ही

The Last Journey

Sanjay Gandhi, grandson of Mr. Nehru, lights the funeral pyre at Rajghat.

अपने स्वतन्त्र और महान व्यक्तित्व का निर्माण कर लिया। वे केवल आधुनिक भारत के ही महानतम व्यक्ति नहीं थे और रहेंगे, बल्कि विश्व के गिने चुने महान व्यक्तियों में उनकी सदा गणना होगी। मैं इसे अपना महान सौभाग्य मानती हूँ कि मुझे उनसे भेंट करने और उनकी जीवन्त वाणी को सुनने का अवसर मिला।

पुस्तक और परिपाटी के प्रेमी नेहरू जी

—श्रीयुत श्रीप्रकाश

१९२१ के आरम्भ में मैं उत्तर-प्रदेश (तब संयुक्त प्रान्त) की प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी का सचिव था। श्री जवाहरलाल जी अध्यक्ष थे। इस सम्बन्ध में हमारा उनका बराबर सम्पर्क था। एक बार हम दोनों कांग्रेस के कार्य के लिए लखनऊ गये हुए थे। दोनों ही अपने मित्र और सहयगी श्री मोहनलाल सक्सेना के यहां अमीनुद्दौला पार्क के मकान में ठहरे थे। उनकी पुस्तकों की आलमारी में जवाहरलाल जी ने एक पुस्तक देखी जो उनकी ही थी और जिसे मोहनलाल जी पढ़ने के लिए ले आये थे। वह पुस्तक ठीक प्रकार से नहीं रखी हुई थी। गन्दी हो रही थी। जवाहरलाल जी ने उस पुस्तक को आलमारी पर से उठाया। उसको साफ किया और मोहनलाल जी से क्रुद्ध होकर कहा कि "सुनो, पुस्तक जीवित पदार्थ है, इसकी बहुत फिकर रहनी चाहिए। इसके साथ इस तरह दुर्व्यवहार नहीं करना चाहिए।"

यह छोटी-सी घटना कई बातों की प्रदर्शक है। एक तो इससे स्पष्ट होता है कि उन्हें पुस्तकों से कितना प्रेम था। दूसरा यह कि वे सबके साथ अच्छा व्यवहार करने पर बहुत जोर देते थे। केवल मनुष्यों के साथ ही नहीं, जन्तुओं के साथ उनके व्यवहार की कितनी ही गाथाएँ हैं। जिन पदार्थों को हम साधारणत: निर्जीव मानते हैं उनपर भी उनका बड़ा प्रेम रहता था। वृक्षों की रक्षा के लिए उनका बड़ा आग्रह था। पुस्तक ऐसी वस्तुओं से तो वे विशेष स्नेह रखते थे। विविध विषयों की पुस्तकों को बराबर पढ़ते रहते थे। सबको बड़ी फिकर से देखते थे। सभी वस्तुओं को सुव्यवस्थित रखना उनके लिए साधारण-सी बात थी। उनकी सब चीजें स्वच्छ रहती थीं और ठीक स्थान पर रखी जाती थीं। वे बहुत-सा काम स्वयं

करते थे। ऐसा कोई न समझे कि वे धनी थे, इस कारण ऐसा कर सकते थे।

टेबुल स्वच्छ रखते थे

मुझे यह देखकर सदा आश्चर्य होता था कि उनका टेबुल ऐसा स्वच्छ कैसे रहता था। मैंने एक बार उनसे कहा भी कि 'तुमको जितने पत्रादि से काम रहता है उससे कम ही मुझे रहता है। पर मेरे टेबुल पर तो कागजों का अंबार सदा लगा रहता है। अपने घर में अन्य सब स्थान तो मैं साफ और सुव्यवस्थित रख सकता हूँ पर अपने टेबुल से हार जाता हूँ। तुम कैसे उसे इस प्रकार रख सकते हो।' उन्होंने कहा—'मेरे सब पत्र भिन्न-भिन्न बक्सों में भरे रहते हैं।' प्रत्येक विभाग के पत्रों के लिए उनका अलग-अलग 'डिस्पैच बक्स' रहता था, जिसमें उनके सब कागज रखे जाते थे। भिन्न-भिन्न बक्सों में भरे रहते हैं।' प्रत्येक विभाग के पत्रों के लिए उनका अलग-अलग 'डिस्पैच बक्स' रहता था, जिसमें उनके सब कागज़ रखे जाते थे। भिन्न-भिन्न विषयों के कागज़ वे फौरन ही भिन्न-भिन्न उपयुक्त मिसिलों में रख देते थे। गन्दा टेबुल और उस पर रखे हुए अव्यवस्थित पत्रादि उन्हें बहुत नापसन्द थे।

अपने घर पर या राज्यपाल की अवस्था में अपने दफतर के कमरे में मैं उनका आना पसन्द न करता था। एक समय को बात है, बम्बई में मैं राज्यपाल था। वे राजभवन में ठहरे हुए थे। एक दिन तीसरे पहर वे एकाएक मेरे दफतर में आये। चाय का वक्त नहीं हुआ था, नहीं तो मैं स्वयं ही चाय के लिए उनके पास चला जाता। किसी कारण उन्हें उस दिन जल्दी चाय की इच्छा हुई और उन्होंने मेरे दफतर में आकर कहा—'प्रकाश चाय मंगाओ।' मैं टेबुल पर काम कर रहा था। चारों तरफ पत्रादि लदे थे। उन्होंने कहा—'क्या तुम्हें इतना काम करना पड़ता है? इतने मिसलों को तुम देखते हो?' मैंने कहा—जितना काम तुम करते हो उससे तो यह बहुत कम है। खेद है कि मैं अपने टेबुल को तुम्हारी तरह साफ नहीं रख सकता। मुझे तुमसे शिकायत है कि एकाएक तुमने मुझे इस अवस्था में देखा।' खैर, अपनी कुर्सी से मैंने उठकर बगल के सोफे पर उन्हें बैठाया और खुद बैठा। चाय आयी और इधर-उधर की बातें होती रहीं।

१९२९ में हमारे संयुक्त प्रान्त अथवा उत्तर प्रदेश का प्रान्तीय राजनीतिक सम्मेलन फर्रुखाबाद में हुआ। श्री गणेशशंकर विद्यार्थी उसके अध्यक्ष थे। सम्मेलन के बाद हम सब साथ ही कानपुर आये और विद्यार्थी जी के पास

गये। हम दोनों को अपने दैनिक 'प्रताप' पत्र के दफतर में छोड़कर विद्यार्थी जी भोजन के प्रबन्ध के लिए बगल में अपने घर गये। विद्यार्थी जी के टेबुल की अवर्णनीय दुर्व्यवस्था थी। विद्यार्थी जी की अनुपस्थिति में जवाहरलाल जी ने उनके टेबुल को पूर्णरूप से सुव्यवस्थित कर दिया, कागज़, पेंसिल, कलम, घड़ी, रोशनाई आदि सब को तरतीबवार लगाया। उनके पत्रों और मिसलों को समुचित रूप से सहेज कर टेबुल पर उचित स्थान पर रखा। थोड़ी देर के बाद जब विद्यार्थी जी आये तो उनको टेबुल की परिवर्तित दशा देखकर असमंजस हुआ। जिस प्रकार से गोस्वामी तुलसीदास जी को जो दुःख हुआ था कि चोरों से रक्षा करने के लिए रामचन्द्र जी को उनके यहां पहरेदारी करनी पड़ती थी, उसी प्रकार गणेश जी को भी खेद हुआ कि उनकी लापरवाही के कारण जवाहरलाल जी को इतना 'कष्ट' उठाना पड़ा।

यह घटना इस बात को प्रमाणित करती है कि जवाहरलाल जी में किसी प्रकार का आलस्य नहीं था—न शारीरिक न मानसिक। प्रमाद उनमें किसी भी दशा में नहीं पाया जाता था। कहीं भी कुछ गड़बड़ी देखते थे तो उसे स्वयं ठीक करने को तैयार हो जाते थे। किसी भी प्रकार की दुर्व्यवस्था उनको अत्यन्त नापसन्द थी। बहुत साफ-सुथरे वे स्वय थे और सबका ही वैसा रहना पसन्द करते थे। उन्हें बहुत कष्ट होता था जब किसी को लापरवाही से वस्त्र आदि पहने देखते थे। पण्डित गोविन्दवल्लभ पन्त से अप्रसन्न होते और उन्हें नेक सलाह देते मैंने देखा है। वे स्वयं समय का बड़ा पालन करते थे और जो नहीं करता था उससे वे दुखी रहते थे। व बड़े जिम्मेदार आदमी थे। चाहे छोटी बात हो चाहे बड़ी जो कहते थे, उसे अवश्य करते थे।

(दैनिक 'आज' से आभार सहित)

वनपथ है प्रियतर, घोर अंधेरे और घनेरे,
लेकिन वादे हैं, जो करने पूरे,
और दूर जाना है मीलों सोने से पहले
और दू—र मीलों, सोने से पहले

प्रसिद्ध अमेरिकन कवि राबर्ट फ्रॉस्ट की ये पंक्तियाँ कुछ समय पूर्व पं० नेहरू ने अपने पैड पर लिखी थीं।

पंडित जी को संत विनोबा की श्रद्धांजली

(पंडित जी के देहांत की खबर सुनने के बाद २८ मई १९६४ को संत विनोबा जी भावे ने अपने ज़ाहीर तकरीर में उनको जो श्रद्धांजलि मराठी बोली में अर्पण की उसके कुछ हिस्से का तर्जुमा यहां दिया जाता है। अनुवादक—सद्रे गुरु जी, गाँधी आश्रम, कर्णनगर, श्रीनगर।)

निर्वैरता का आदर्श :—ऐसा शख्स बिरला ही होता है जो राजनीति में होते हुए भी पूर्ण निर्वैर वृत्ति रखता हो। श्री नेहरू इस कोटि के थे। उनके मन में थोडा भी वैरभाव नहीं था। भारत स्वतंत्र होना चाहिये, उसकी आज़ादी पर किसी भी प्रकार का बन्धन नहीं होना चाहिये, जनता को पूर्ण स्वतन्त्रता हासिल होनी चाहिये, इस वास्ते उन्होंने मुल्क के सामने पूर्ण स्वराज्य का आदर्श पेश किया और उस वजह से उनको कई साल जेल में रहना पडा। फिर भी उनके मन में अंग्रेज़ों के प्रति थोडा भी द्वेष भाव नहीं था। यह बात श्री चर्चिल ने भी महसूस की। अपने हक के लिये लड़ते हुए भी इन्सान निर्वैर कैसे रह सकता है इसकी मिसाल उन्होंने अपने जीवन से दुनिया के सामने पेश की। यदि वे न होते तो अब तक इंग्लैंड के साथ भारत का जो मीठा रिश्ता रहा है वह नहीं रहता।

सब प्राणियों के प्रति समभाव :—सब के साथ दोस्ती का रिश्ता हो, सब दुनिया में अमन रहे, भारत स्वतंत्र हुआ है वैसे सब देश भी आज़ाद होने चाहिये सब देशों में आपस में एकता रहे, यही उनका जीवन (का लक्ष) था। अब वे परमात्मा के पास पहुँचे हैं। लेकिन इस वक्त बोलते हुए भी मैं उनका वियोग महसूस नहीं करता हूँ उन्होंने विश्व-मैत्री का जो संदेश हम लोगों को दिया है उसी पर हमें अमल करना है।

अशोक और नेहरू :—उनके काम पर जब मैं गौर करता हूँ तब सम्राट अशोक की याद आती है। अशोक ने अहिंसा की निशानी के बतौर सहयोगी सिंह का चित्र पेश किया। सिंह पराक्रमी है मगर सहयोगी नहीं है, चींटी सहयोगी तो है, मगर बहादुर नहीं, दुर्बल है। पंडित जी ने, सम्राट अशोक जैसे ही, बहादुर, बलवान और सहयोगी भावनाओं से युक्त ऐसा अहिंसा का चित्र आपके सामने पेश किया है।

पंडित जी का सपना :—वे चाहते थे कि भारत पराक्रमी, बहादुर और निर्वैर बने। दुनिया के सब राष्ट्र बलवान सहयोगी बनें, और सबके साथ हमारी दोस्ती हो इसलिये उन्होंने भरसक कोशिश की। यह दुःख की बात है कि उनकी ऐसी कोशिश के बावजूद भी चीन और भारत का रिश्ता सुधरा नहीं, और भारत-पाक का रिश्ता भी सुधारना बाकी है। यह काम हमें करना है और मुझे पूरा यकीन है कि उन्होंने जो पराक्रम-युक्त सहयोग तथा विश्व-मैत्री का पैगाम दिया है उस पर भारतीय जनता अटल रहेगी।

भगवान से प्रार्थना :—कोई भी, खुद पंडित जी भी, ऐसा नहीं मानते थे कि उनका देहांत इतने जल्दी होगा। काम करने की उत्कट अभिलाषा उनके मन में थी। लेकिन भगवान ने उनको अपने पास बुला लिया। इसका मतलब यही है कि पंडित जी देह-मुक्त रह कर और हमारा हाथ पकड़ कर हम से काम करवा लें। ऐसी भगवान की मर्ज़ी है। ऐसी हिम्मत हमें दे यही भगवान से मेरी प्रार्थना है।

भारत की विशेषता :—अपना राष्ट्र इतना बड़ा है कि वह 'अंतरराष्ट्रीय राष्ट्र' जैसा हो है। यहां १४-१५ बड़ी भाषाएँ एकत्र हैं, पांच छः मजहबें एकत्र हैं, दुनियाभर से आयी हुई अनगिनत मानव जातियां एक परिवार में इकट्ठा हुई हैं। इसलिये हमारी ज़िम्मेदारी बहुत बडी है। अब, जैसा कि तुकाराम, रामदास वगैरा संत-फकीरों ने कहा है, हमारी ज़बान से मंगल लफज़ ही बाहर निकलना चाहिये। सब भेद-तफरके खत्म हो जायं, और दिल से दिल जुड़ जाय, फिर भारत इतना ताकतवर बनेगा कि सारी दुनिया को शांति की राह वह बता सकेगा।

पंडित जी 'लोकदेव' के उपासक :—इतने बड़े मुल्क में कुछ छोटे-मोटे मत-भेद रहना स्वाभाविक है। उनका समन्वय साधना, समान अंश तय करना मेल बिठाना यह सब काम हमें करना होगा। पंडित जी हमेशा उसके लिये कोशिश करते थे। उनको न किसी प्रांत का अभिमान था, न किसी भाषा का आग्रह था और न किसी मजहब की आसक्ति उन्हें थी। कहीं भी और किसी भी लोक-समूह को देख कर उनका दिल आनन्द-विभोर हो जाता था। उपनिषद कहता है, 'मातृदेवोभव, पितृदेवोभव, आचार्यदेवोभव, अतिथिदेवोभव।' इस भाषा में बोलना हो तो पंडित जी 'लोकदेव' के उपासक थे। ऐसा शख्स देह-त्याग के बाद कहां जाएगा? वह लोकात्मा बनेगा, लोगों में ही रहेगा।

भगवान ने पंडितजी को विदेही क्यों बनाया ? :—लोगों के दिल जोड़ने का काम भारत के देहात की अवाम और नगर के नागरिक किस तरह कर रहे हैं यह वे देखते रहेंगे। अब सफर के साधन तीव्र हुए हैं, फिर भी जब तक देह है तब तक सब के साथ घुलमिल जाना, सब लोकों के साथ हमेशा संपर्क रखना, संभव नहीं होता है। इस दिक्कत से पंडित जी अब मुक्त हुए हैं और अब हम सब लोगों की परीक्षा का-इमतहान का वख्त आया है।

हम क्या करें ? :—मुझे पूछा गया, 'क्या आपके पद-यात्रा के कार्य-क्रम में कुछ हेर फेर करना है ? मैंने जवाब दिया, 'ग्रामदान का काम, गांव के लोग प्यार से रहें, सब तफरके भूल जायें, किसी को अकेले दुःख न भुगतना पड़े। यह दिलों को जोड़ने का काम है, और वह हमें दूने-दुगने ताकत से करना चाहिये। प्यार की वजह से ही देहाती लोगों ने गांव बसाये हैं। इसलिये हर देहात ग्रामदान का नमूना बनें। इस से भारत की आज़ादी मज़बूत बनेगी, और विश्व-शांति को भी बल मिलेगा।

अपने नेता की याद में

—सन्तोष कुमारी भट्ट (व० हा० स्कूल)

भारतवर्ष के इतिहास में २७ मई १९६४ का दिन अत्यन्त शोक का दिवस था जबकि दिन के दो बजे तमाम जनता को दुःख के बादलों ने इस प्रकार घेर लिया और इतनी क्षति पहुँची जिसे पूरा करना असम्भव है। इस दिन राष्ट्र के महान नेता श्री नेहरू की मृत्यु हुई। इस दुःखद समाचार पर किसी को भरोसा नहीं होता था। लोग बड़े दुःख के साथ इस घटना की पुष्टि करवाते थे। भगवान कृष्ण ने ठीक ही कहा है जो जन्म लेता है उसकी मृत्यु निश्चित ही है। ऐसा ही हुआ और श्री नेहरू शारीरिक रूप से हम से सदा के लिए बिदा हो चुके इनके शोक में स्वदेश तथा विदेश में मातम मनाया जाने लगा भारत माता आज सूनी दिख रही थी। सर्वत्र कारोबार ठप हो गया शोक सभाएँ बुलाई गईं। बच्चों की

दशा अकथनीय थी। उनके चेहरों पर उदासी थी और प्रिय चाचा नेहरू की मृत्यु ने उनको अत्यन्त आघात पहुँचाया। कोई ही नेत्र ऐसा होगा जिससे कि अश्रु न बहे हों। आखिर यह सब क्यों हुआ? उत्तर स्पष्ट है। चाचा नेहरू को जहां बच्चे प्यार करते थे वहां वह बूढ़ों का सहारा भी था, जवानों का उत्साह वर्धक था, नारी जाति की स्वतन्त्रता का पोष्टक था। मित्र लोगों का दुःख होना तो स्वाभाविक ही था परन्तु उनके शत्रु भी हाय हाय करते थे। बड़े-बड़े राष्ट्रों ने अपना एक सलाहकार खो दिया। शान्ति दूत शारीरिक रूप से तो चला गया किन्तु वह स्थल जहां उनकी अन्त्येष्टि हुई वह विश्व को शान्ति ही प्रदान करता रहेगा। उनके सम्बन्ध में योगोसलविया के राष्ट्रपति टीटो के यह शब्द उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हैं "प्रधान मन्त्री श्री नेहरू की मृत्यु से न केवल तटस्थ देश और विकासशील देश का बल्कि सारे संसार का एक महान शान्ति दूत चल बसा। एक ऐसा व्यक्ति अन्तर राष्ट्रीय रंगमंच से उठ गया जिसने संसार को युद्ध के महान विनाश से बचा लिया।" राष्ट्र का दुःख इस बात से आंका जाता है कि कई व्यक्ति उनकी मृत्यु की दुःखद घटना का समाचार सुनते ही इस लोक से सदा के लिए उनके संग चले गए। हकीम अजमल खां के पुत्र ने जब श्री नेहरू जी की हालत बिगड़ती देखी तो वह इस सदमे को बरदाशत न कर सके तथा प्रधान मन्त्री के भवन से घर लौटते ही उन का देहान्त हो गया।

२८ मई १९६४ में दिल्ली में श्री नेहरू की अत्येष्टि में सम्मिलित होने के लिए कितना विशाल जनसमूह इकट्ठा हुआ। शायद ही इतिहास में उसका उदाहरण मिलता हो अथवा कभी आगे मिलेगा। अनुशासन में रह कर विशाल जनसमूह अपने दिवंगत नेता के अन्तिम दर्शन कर रहे थे।

महान व्यक्तियों की मृत्यु भी महान ही होती है। जहां जीवन में नेहरू जी ने अपना सब कुछ राष्ट्र की सेवा में तथा इसके संगठन में लगाया वहां मरने पर अपनी अस्थियों तथा भस्म को देश भर में वितरण करने को उन्होंने अन्तिम इच्छा की थी—कश्मीर से लेकर कन्या कुमारी में श्री नेहरू इस तरह से छा गए कि कभी राष्ट्र के टुकड़े नहीं हो सकते हैं।

जनता के प्रति उनका प्रेम था उससे वह भली भांति जानता था। उन्होंने स्वयं ही कहा कि मैं उनके विश्वास से इतना दब गया हूँ। कि उस ऋण से कभी उऋण नहीं हो सकता हूँ। गंगा के प्रति जिसे वह

राष्ट्र का प्रतीक मानते थे, उनका बड़ा आदर था। इन्होंने कहा था कि यदि मेरी मृत्यु विदेश में हो तो मेरे फूल भारत में लाकर गंगा में प्रवाहित किए जाएं।

कई वर्षों से पूर्व लोग संदेह करते थे कि नेहरू जी के पश्चात राष्ट्र का क्या होगा? राष्ट्र की नैया को कौन पार कर सकेगा? राष्ट्र के संगठन को बनाए रखना असम्भव दिखाई देता था किन्तु नेहरू जी के राष्ट्र प्रेम तथा निर्लेप सेवा ने यह भ्रम मिटा दिया। सब विदेशी हैरान हो गए कि किस प्रकार से श्री लाल बहादुर शास्त्री को नया नेता चुना गया। यह कार्य केवल प्रधान के मार्ग पर चलने से ही सम्भव हुआ, यद्यपि नेहरू युग एक प्रकार से समाप्त हुआ परन्तु भविष्य को सदा इस युग से प्रेरणा मिलती रहेगी और हमारा राष्ट्र शान्ति स्थापित करने में योग देता रहेगा।

कौन कहता है कि नेहरू मर गया?

कौन कहता है कि नेहरू मर गया
कौन कहता है कि गम की रात है

जन्म तेरा मिट गया तो क्या हुआ
आत्मा तेरी हमारे साथ है
कौन रोकेगा तेरी आवाज़ को
हम सदाए वक़्त कहते हैं इसे,

उसकी हस्ती को मिटा सकता है कौन
प्यार का अवतार कहते हैं जिसे
है दिलों में अब भी तेरी रोशनी
हाथ में अब भी तेरा ही हाथ है,

कौन कहता है कि नेहरू मर गया
कौन कहता है कि गम की रात है

मौत तो दुनिया में आती है उन्हें
जिनके जीने का कोई मकसद नहीं

ज़िन्दगी पर तो तेरा एहसान था
मौत को भी कर दिया तूने हसीं

किसका यूं मातम हुआ परदेस में
किस की अर्थी पै चढ़े इतने गुलाब
जाने वाले तू गया जिस शान से
इस तरह न डूबा कोई आफताब

कहते हैं कि आसमां भी रो दिया
सुनते हैं कि ज़मीं भी हिल गई
दी गरीबों ने दुआएँ इस कदर
तुझ को उमरे जाविदानी मिल गई

पूछे गर कोई कौन है नेहरू के बाद
मैं कहूँगी नेहरू और उसके असूल
कोई रस्ता तेरे रस्ते के सिवा
कर नहीं सकता तेरा भारत कबूल

कौन कहता है कि नेहरू मर गया
कौन कहता है कि गम की रात है ।।

पंडित जी के संबन्ध में कुछ खास बातें

—मरियम तब्बसुम (व० हा० स्कूल)

अगर हम पण्डित जवाहर लाल नेहरू की जिन्दगी के बारे में लिखना चाहें तो उसके लिए कई किताबें भर जाएँगी मगर यहां पर हम उनकी शख्सियत (व्यक्तित्व) के बारे में खास खास बातों का ज़िक्र करते हैं :–

१. यूं तो दुनिया में बहुत से बड़े बड़े सियासतदान (राजनीतिज्ञ) और लीडर पैदा हुए हैं। मगर उनमें से बहुत कम ऐसे हैं जिन्होंने अपने देश के इलावा दुनिया के सामने भी कुछ पेश किया हो। पण्डित जी भी दुनिया के उन्हीं लीडरों में से एक हैं। चिनाचि उन्होंने दुनिया को कई बार जंग की तबाही से बचाया और दुनिया के सामने गैर जानिबदार (तटस्थ) पालिसी का नज़रिया (दृष्टिकोण) पेश किया।

२. पण्डित जवाहर लाल नेहरू ने दुनिया के सामने पंचशील का असूल पेश किया जोकि तारीख में हमेशा याद रहेगा।

३. पण्डित जी ने मरने से चन्द घण्टे पहले अपने एक साथी से कहा कि मैंने अपने दफतर का हर एक कागज़ मुकम्मल कर लिया है। गोया उन्होंने अपने मुलक की खिदमत करते करते अपनी जान दे दी।

४. बुढ़ापे के बावंजूद वह अनथक मेहनत करते थे। उनका नारा यह था 'आराम हराम है।'

५. पं० जवाहर लाल फूलों के बड़े शौकीन थे। चिनाचि उनके कोट में हमेशा गुलाब का ताज़ा फूल लगा रहता था। जो हमें याद दिलाता था कि वह कुदरत के हसीन चीज़ों से किस कदर मुहब्बत करते थे।

६. पण्डित जी को बच्चों से भी इन्तहा मुहब्बत थी। क्योंकि वह उनको भी कुदरत की तरफ से एक नेमत (भेंट) समझते थे और इसी लिए वह दुनिया के बच्चों में चाचा नेहरू के नाम से मशहूर थे।

७. उनको जम्हूरियत के असूलों पर ईमान (विश्वास) था और यह उन ही का कमाल था कि उन्होंने हिन्दुस्तान को दुनिया की सब से बड़ी जम्हूरियत बना दिया। जहां हर पांच साल के बाद सोलह करोड़ बालिग मर्द और औरतें वोट डालते हैं।

८. पण्डित नेहरू मज़हब के कायल नहीं थे चिनाचि उनकी वसीयत से ज़ाहिर होता है कि अगर उनका कोई मज़हब था वह इन्सान दोस्ती और वतन परस्ती था।

"अगर कोई लोग मुझे याद करना पसन्द करें, तो मैं चाहता हूँ, वे कहें—'यह वह आदमी था, जिसने हिन्दुस्तान से और हिन्दुस्तानियों से पूरे दिलोजान से प्यार किया।' उन्होंने भी उससे बहुत दुलार किया, उसे भरपूर और बेहिसाब प्यार दिया।"

—जवाहर लाल नेहरू

चाचा नेहरू के जीवन की प्रसिद्ध घटनाएँ

—विजय काक (व० ह० स्कूल)

चाचा नेहरू के पिता जी पं० मोती लाल नेहरू बड़े क्रोधी थे। इस क्रोध का मज़ा एक बार हमारे चाचा नेहरू ने भी लिया। वह यह है—

"एक बार चाचा नेहरू बालकपन में अपने पिता जी के कमरे में गये। वहां पर उन्होंने मेज़ पर दो पेन देखे। चाचा जी ने सोचा कि पिता जी को दो पेन लेकर क्या करना है। इसलिए मैं एक स्वयं रखूं। फिर नेहरू जी ने अपने कोट में लगाकर पेन रखा और ठाठ से चलने लगा। लेकिन उसको लेने के देने पड़े। जब पिता जी अपने पढने लिखने के कमरे में गये और अचानक उनकी दृष्टि मेज़ पर पड़ी और एक पेन पाया। यह देखकर क्रोधी हो गये तो अपने नौकरों को बुलाकर पेन के बारे में कहा। लेकिन उत्तर क्या था—'नहीं ?' सबों ने कहा नहीं जी मैंने नहीं लिया है। आखिर वह बाहर गये और घरवालों से पूछा। लेकिन सभी ने इन्कार किया। अन्त में बालक जवाहर के जेब में नज़र पड़ी तो उस से ले गये और पं० मोती लाल जी को दे दिया। फिर जवाहर को पिता जी ने खूब पीटा कि वह चार दिन तक चुप न कर सका। आखिर माता जी ने समझाया बुझाया तो कहा आगे से किसी की चीज़ मालिक से पूछने के बगैर उठाना नहीं चाहिए। तब से बालक जवाहर ने कभी यह गल्ती नहीं की।"

बालक जवाहर को शिकार खेलने का बहुत ही शौक था। लेकिन एक दिन शिकार खेलते हुए रोना आया और शिकार खेलना छोड़ दिया। इसकी एक घटना है :—

"एक दिन घोड़े पर जाकर बालक जवाहर बन की ओर जाते थे। रास्ते में एक हिरण देख लिया। यह दौड़ता गया और बालक जवाहर इसके पीछे पीछे। आखिरकार अपने पिस्तौल से निशाना करके उस हिरण को लगाया और हिरण दर्द के मारे नीचे पड़ा। फिर जवाहर उसके पास गया तो हिरण अपनी आंखों से बालक (शिकारी) की ओर देखता था और मानो उससे कह रहा था, मैंने तुम्हारा क्या बिगाड़ा, जोकि तुमने मुझे मार डाला।" आखिर बालक जवाहर की आंखों में आंसू आये और अपने पिस्तौल को चूर-चूर कर दिया और निश्चय किया कि आगे के लिए मैं कभी भी शिकार नहीं खेलूंगा।"

दूसरी घटना—

"एक दिन पिता जी पं० मोती लाल नेहरू कई अंग्रेज़ मित्रों के साथ अपने कमरे में बैठे थे। बालक जवाहर पर्दे के पीछे छुप गया था। तब अन्दर कमरे में पं० मोती लाल जी तथा उनके मित्र शराब पीने लगे। यह लाल रंग का शराब था। बालक जवाहर ने यह कभी नहीं देखा था। वह जल्दी-जल्दी अपना मां श्रीमती स्वरूपा रानी के पास जाकर कहने लगा कि पिता जी खून पीते हैं' माता जी तो अपने पति की आदत को नहीं भूलती, उसने अपने बालक जवाहर को कहा कि यह खून नहीं है।"

शान्ति दूत नेहरू

— मुनी कुमारी खर (व० हा० स्कूल)

संसार में जहां पर भी शान्ति बिल्कुल कम थी तथा क्रान्ति ज़ोरों पर होती थी, उस समय वहां पर भारत के प्रधान मन्त्री तथा शान्ति के देवता स्वर्गीय पं० जवाहर लाल नेहरू को बुलाया जाता था। चाहे कोई बड़ा मसला उनके सामने क्यों न होता था, वे उसे शान्ति से हल करते थे और शान्ति का पाठ सबको पढ़ाते थे। यह थे हमारे शान्तिदूत स्वर्गीय पं० जवाहर लाल नेहरू थे जो इस संसार से २७ मई १९६४ को चल बसे।

रूस तथा अमेरिका दोनों में एक दूसरे के विपरीत कुछ शंकायें थीं। लेकिन शांतिदूत नेहरू ने ३ अक्टूबर १९५६ के दिन राष्ट्र सघ बृहत्सभा के पन्द्रहवें अधिवेषण में भाग लेने के लिए निमन्त्रित किये गये। उन्होंने यह घोषित किया कि श्री ख्रुश्चेव तथा श्री आईज़नहौवर आपस में मिलकर अपनी मानसिक शंकाओं को शान्ति से धो डालें और आपस में मैत्री को ही मानवता का रक्षक समझें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यह दो सांपदाओं की सन्धि नहीं अपितु समस्त विश्व की।

कांगो की स्वतन्त्रता की समस्या को दृष्टि में रखकर पं० नहरू ने राष्ट्रसंघ को स्वतन्त्रनीति से शान्ति क्षेत्र व्यापक बनाने की चेतना दी।

पं० नेहरू सारे ससार में शान्ति चाहते थे, तभी आजकल सारा ससार शांति का देवता मानता था। सारे संसार में स्वर्गीय नेहरू ने शान्ति स्थापित

की। इस शान्ति के लिये स्वर्गीय नेहरू ने पांच नियम दिये जिन्हें पंचशील के नाम से कहते हैं। नेहरू पंचशील के प्रतिष्ठापक थे।

आज तक सारे संसार में पं० जवाहर लाल का नाम दिवाकर की भांति चमकता था, लेकिन अब भी दिवाकर की तरह चमकेगा। 'जवाहर', जिह्वा पर यह नाम आते ही जगत् को शीतलता प्रधान करने वाले चांद का ध्यान आता है। उनके जीवन में, व्यक्तित्व में, नेता के सब गुण विद्यमान थे. और उन्होंने कोने-कोने में से अपनी प्रसिद्धि पाई। वे प्रजातन्त्रवादी तथा समाजवादी थे।

उनका जीवन त्याग का जीवन था। वे ब्राह्मण धर्म के अनुयायी थे परन्तु संघर्ष तथा परोपकार को ही मोक्ष का मार्ग मानते हैं माला जपने आदि को नहीं। उन्होंने स्वदेश-सेवा ही मोक्ष सिद्धि के साधन माने थे। बहुत जेल यात्रायें की और इसका फल तो १५ अगस्त १९४७ को भारत को स्वतन्त्रता के रूप में मिला।

पंडित नेहरू जैसे, महात्माओं के जीवन की आभा से सारा विश्व प्रकाशित हो जाता है।

चाचा नेहरू की अन्तिम यात्रा

—शकुन्तला काक (व० हा० स्कूल)

२७ मई १९६४ का दिन भारत के लिए, एक मातमी दिन था। इस दिन पूरे दो बजकर बीस मिन्ट पर हमारे प्रिय 'चाचा नेहरू' हम से बिछुड़ गये। २६ मई की सायं को देहरादून से राजधानी पहुँचे, तो ठीक थे। अपना सारा काम अच्छी तरह से किया था। सुबह कुछ दर्द सा शरीर में दिखाई दिया और बढ़ता गया। तो बड़े-बड़े डाक्टरों से मशवरा लिया गया। दवाइयां दीं। लेकिन सब व्यर्थ। तो ठीक दो बजकर बीस मिन्ट पर सारे भारत में ही नहीं बलिक सारे संसार के कोने-कोने में प्रिय श्री जवाहर-लाल नेहरू के स्वर्गवास होने का सन्देश आग की तरह फैल गया। किसी को अपने मन में न बैठा कि चाचा नेहरू चल बसे। अगर कोई सुनता था तो सुनाने वाले को उत्तर यूं मिलता था—'अरे क्या पागल तो नहीं हो? क्या बकते हो?' आखिर वह बेचारा क्या करे। इस सन्देश से वह रो रहा

था, तो लोग उसको खूब ही रुलाते थे। लेकिन समझा-समझा कर बताया, तो उनका मन भी दुःखी होता था।

सारे भारत में ही नहीं बल्कि सारे संसार में सन्नाटा छा गया। सारी दुकानें तथा सारे दफ्तर बन्द हुये। मातमी जलूस हर तरफ से निकलने लगे। सब लोगों के मुख पर उदासी थी। लोग फूट-फूट कर रोए।

प्रिय चाचा नेहरू के देहान्त से बड़े तथा बूढ़ों से बड़कर छोटे-छोटे बच्चों को दुःख हुआ। यह क्यों? यह इसलिए कि वे बच्चों के चाचा नेहरू थे और उनसे प्यार करते थे। समाचार पत्रों ने लिखा था, "The life is out, The light is out." इनके देहान्त होने से भारत में ही नहीं बल्कि सारे संसार में एक रोशनी का मीनार टूट पड़ा, जिसका सदियों तक पूरा होना असम्भव है।

आखिरकार, स्वर्गीय नेहरू की अर्थी के जलूस में सम्मिलित होने के लिए बाहर के देशों तथा भारत की रियासतों से बड़े-बड़े मन्त्री आये, लण्डन से प्रधान मन्त्री और लार्ड माउन्टबैटन आये और भी बड़े-बडे नेता आये, इस बड़े तथा महबूब नेता की अर्थी के जलूस में सम्मिलित होने के लिए।

स्वर्गीय नेहरू की अर्थी २८ मई १९६४ को दिल्ली में 'प्रधान-मन्त्री भवन' से निकाल ली गई। फूलों की वर्षा होने लगी। जो गुलाब का फूल स्वर्गीय नेहरू को बहुत ही प्रिय था वह गुलाब का फूल आज शव पर डाला जाता था। आखिर 'इण्डिया गेट' से पार करके राजघाट जहां पर गांधी जी की समाधि है। वहां से ले लिया गया और वहां से २०० गज के फासले पर नेहरू जी का दाह-सस्कार किया गया। वहां पर उनके नाते संजय ने अर्थी का दाह-संस्कार किया। इस घाट का नाम 'शान्ति-घाट' रखा गया।

आओ! अब हम सब मिलकर यह प्रतिज्ञा करें कि नेहरू जी ने जो आदर्श बनाये हैं, उन पर हम सब ठीक प्रकार से अमल करें। तो इसी से हमारे प्रिय नेता स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल जी नेहरू की आत्मा को शान्ति मिलेगी और हम सब यह प्रण करें कि हमारी भारत माता के कष्ट दूर करें। फिर भारत माता के मुकुट में भारत रत्न पं० जवाहर लाल सदा के लिए चमकता हुआ दिखाई देगा। जिससे कि वह सारे संसार को रोशनी प्राप्त होगी और सारे संसार को सुख और आनन्द प्राप्त होगा।

बाल दुहाई

—श्याम लाल बीरा "शलभ" (व० हा० स्कूल)

ले गये चाचा को हमसे रचकर घोर तूफान
रखना अब सम्मान से, उनको हे भगवान,
विनय हमारी सुन ले भगवन हैं तेरी सन्तान
रखना अब सम्मान से, उनको हे भगवान।

वे थे और हैं भी विश्व में, गौरव शाली महान
शत्रु तक भी उनको करते, प्राणों से सम्मान
उनके इंगित पर भारत वासी, होते थे बलिदान
रखना अब सम्मान से, उनको हे भगवान।

खादी उनको प्रिय लगती है, रखना उसका ध्यान
पुष्पों के वे उत्सुक हैं, देना रम्य उद्यान
प्रकृति दृश्य क इच्छुक है, नित सुनाना तान
रखना अब सम्मान से, उनको हे भगवान।

शान्ति के वे साधक हैं, युद्ध की घृणा महान
"घातक शक्ति" के नाशक है, केवल जन कल्याण
और मित्रों के प्रेमी हैं, ऐसा उनका ज्ञान
रखना अब सम्मान से, उनको हे भगवान।

गांधी जी से शिक्षा पाकर, अहिंसा का अस्त्र लेकर
'पंचशील' की ध्वजा फहराई, दे दिया अभय दान
भारत की वह उन्नति कराई, जिसका नहीं अनुमान
रखना अब सम्मान से, उनको हे भगवान।

बाल सखा वे बच्चों के थे, वृद्धों के सन्तान
अबलाओं के भ्राता थे वे, युवकों के जवान
"शलभ" के वे दीपक थे, जनता के थे प्राण
रखना अब सम्मान से, उनको हे भगवान॥

हाय! हमारे चाचा नेहरू

—नन्सी कुमारी हण्डू (व० हा० स्कूल)

हमारे भारत ने सिकन्दर से लेकर आज तक कितने ही भयंकर आक्रमण सहे हैं। परन्तु आज मौत ने भयंकर घात भारत पर किया है वह शायद ही कोई भारतवासी सदियों तक भूल सकता है। भारत के स्वर्गीय श्री जवाहर लाल नेहरू को मृत्यु के कठोर हाथों ने हम से छीना है। वे चले गये, हम अनाथ हो गये। अभी भी बापू की स्मृति के घाव हरे ही थे कि मौत ने हम पर एक और कठोर प्रहार किया।

श्री नेहरू इसी भूमि के एक फूल थे। जिसने चिरकाल से गुलामी की शृंखलाओं में जकड़े हुए भारत को मुक्त किया। अपने खून की एक २ बूंद से स्वतन्त्रता के लगाये हुए फूल को सींचा। श्री नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे। उनका जन्म इलाहाबाद के एक सम्पन्न घराने में हुआ था। नहीं उन्हें ऐश्वर्य की कमी न थी। यहां तक कि उनके कपड़े पेरिस से धुल कर आते थे। परन्तु मोती लाल नेहरू के इस सुपुत्र ने सारे वैभव को ठुकराकर देश की सेवा में तन, मन, धन सब कुछ समर्पित किया। इंग्लैंड में उच्च परीक्षा प्राप्त करने के बाद भारत लौट आये और बापू के अनुयायी बने। कांग्रेस में रहकर भारत की स्वतन्त्रता प्राप्ति के लिये कई बार जेल भी गये। स्वतन्त्रता के पश्चात वे भारत के सर्वप्रथम प्रधान मन्त्री थे। स्वतन्त्रता संग्राम में इन्होंने ही नहीं अपितु इनके सारे परिवार ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया। आज श्री नेहरू हमारे बीच में नहीं है। वे स्वर्ग सिधारे, हमें अकेला छोड़कर। हम अनाथ हो गये। अब हम चाचा नेहरू किसे कहेंगे? हमारे आसूं कौन पोछेंगे। निर्धन जनता की आहें कौन सुनेगा? भारत के इस विशाल वन में एक लम्बा, दृढ, आकाश को छूने वाला वृक्ष गिर गया इस स्थान की पूर्ति कैसे हो सकती है? श्री नेहरू भारत के गौरव थे भारत के निर्माता थे। वे स्वयं भारत थे। संसार के कोने कोने में शान्ति का दिया जलाने वाला आज स्वयं शान्ति में सो रहा है।

मृत्यु की भयंकर डरावनी परछाइयां आज हमारे सामने नाच रही हैं। मृत्यु—ओह कठोर मृत्यु तू ने क्या किया? राम, कृष्ण, बुद्ध, बापू के लहू से तेरी प्यास क्या बुझ न पाई थी। तू हमारा मन लेता, हमारा लहू पीता। हमारे राष्ट्र निर्माता श्री नेहरू को छीन कर तुम्हें क्या मिला? तू

कितना कठोर है। तू उन बच्चों पर तरस खाता। जिनकी हर एक आह चाचा नेहरू क्यों पुकारती हैं। तू हम सबों पर तरस खाता।

आज के दिन भारत के लिये रात है। एक भयंकर रात जो सब भारत पर एक फुफकारती काल-नागिन की तरह आन पड़ी है।

भारत के निर्माता श्री नेहरू अब भी हमारे साथ हैं। यहां के वासियों की आहों में, यहां के सारे वातावरण में, यहां की मिट्टी में वह अमर हैं। उनका सन्देश अमर है।

चाचा नेहरू

—इन्दिरा कौल (व० हा० स्कूल)

सबके पंडित नेहरू हम सब बच्चों के चाचा नेहरू थे। २७ मई के मनहूस दिन के २ बजे वे हमारे बीच न रहे और हम काल के मुंह को ताकते रहे। यह खबर सुनकर पहले तो इतना ही विश्वास नहीं आया कि वे इतनी जल्दी हमें छोड़ कर चले जाएंगे।

जिस पण्डित नेहरू के सम्मुख दुनिया का हर एक इन्सान झुक जाता था वही पण्डित नेहरू बच्चों के बीच में आकर एक बच्चा बन जाते थे। बच्चे उनको अपनी भोली-भोली बातों से बहलाते थे। उनका यह विचार था कि बच्चे ससार के बाग के महकते हुए फूल हैं जिनके बिना संसार का गुलशन खिल नहीं सकता।

बच्चों के बीच वे अपनी सारी गम्भीरता को भूल जाते थे। "एक बार की बात है कि बच्चों की एक पार्टी के साथ वे एक टीले के पास पहुँचे। वहां पहुँच कर उन्होंने सब बच्चों को ललकार कर कहा कि देखें कौन सब से पहले इस टीले पर पहुँच जाएगा। इतना कह कर वे दौड़ते हुए सब से पहले टाले पर पहुँच गए। वहां से खुशी से चिल्लाते हुए अपनी विजय पर मुस्कराने लगे।" ऐसी बालकों जैसी सरलता उनमें थी।

चाचा नेहरू किसी समाज, किसी धर्म, किसी देश के बच्चों पर कोई विशेष प्यार नहीं रखते थे। उनके प्यार को पाने वाले हर देश, हर धर्म, हर समाज के बच्चे थे। क्या अमरीका, क्या रूस, क्या जापान, क्या पाकिस्तान

सभी देशों के बच्चे उनको प्यार करते और सब बच्चों को वे प्यार करते थे। सब बच्चों को उनपर इतना विश्वास था कि वे अपनी समस्याएँ या प्रश्न उनको भेजते थे। घर का काम जो उनको स्कूल में करने के लिए दिया जाता था, उस काम को वे चाचा नेहरू के पास पूरा करने के लिए भेजते थे। रूस के बच्चे भारत की किसी वस्तु की फरमाइश करके मंगाते थे। ऐसे थे हमारे चाचा नेहरू जो बच्चों के साथ पूरी-पूरी तरह से बच्चे बन जाते थे।

एक और बार का किस्सा है कि बहुत से बच्चे उनको घेरे हुए थे। इतने में एक लड़की उनके पास पहुँची और अपनी ओटोग्राफ की किताब लेकर उनके पास पहुँची और कहने लगी, "चाचा जी इस पर सिगनेचर कर दीजिए।" चाचा जी ने अंग्रेज़ी में अपने हस्ताक्षर कर दिए। किताब वापिस लेकर उसने पूछा "चाचा जी आपने तारीख तो लिखी ही नहीं।" इस पर चाचा जी ने उर्दू में तारीख लिख दी। उस बच्ची ने कहा चाचा आपने हस्ताक्षर तो अंग्रेज़ी में किया और तारीख उर्दू में लिखी। इस पर चाचा जी ने हंसते हुए कहा, "तुमने कहा सिगनेचर कर दो, हमने अंग्रेज़ी में सिगनेचर कर दिया, तुमने कहा तारीख नहीं लिखी हमने उर्दू में तारीख लिख दी। सब बच्चे हंस पड़े और वह बच्ची शरमा गई।

उनके अचकन बटनहोल में मुस्कराने वाला गुलाब सब बच्चों को प्रेरणा देता हुआ मालूम पड़ता था। जिस समय चाचा नेहरू मुस्कुराते थे तो वह गुलाब का फूल भी उस मुस्कुराहट के आगे फ़ीका पड़ जाता था।

आज वे हमारे बीच में नहीं हैं पर हम उनको अपने बीच में तभी मौजूद रख सकते हैं जबकि हम उनके आदर्शों को कायम रख सकें। हमको अपना सब कुछ देश की स्वतन्त्रता के लिए न्यौछावर करना चाहिए। जिस देश के लिए अन्त समय तक उन्होंने आराम नहीं किया उसी देश के लिए हम को अपना तन-मन अर्पण करना चाहिए।

बज़्म में था चिराग़ न रहा

—सरला कुमारी कौल (क० हा० स्कूल)

मई की सत्ताईसवीं तारीख। हमारे पूरे इतिहास की सब से मनहूस घड़ी। दिन के करीब ढाई बजे थे कि यह खबर आयी कि प्रधान-मन्त्री नहीं रहे। एक क्षण में उदासी व मातम छा गया।

सभी जगह वे अपनी जनता के ऐसे अग बन गये थे कि उन्हें छोड़कर उसका अपने बारे में सोचना नामुमकिन हो गया था और फिर भी यह भयंकर दुर्घटना हुई और ऐसी अचानक हुई कि बीमार पड़ दस घण्टे भी न हुए थ कि पण्डित जी न रहे। सुनकर हमारी बुद्धि चकरा गयी। इस दुर्घटना का हम पर ऐसा गहरा असर पड़ा है।

हम सभी नेहरू जी के ही सांचे में ढले हैं, उन्हीं से हम प्रेरणा, मार्गदर्शन और आशा प्राप्त करते रहे और यही वजह है कि उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए भी हम अपने को बहुत छोटा महसूस करते हैं। वह महामानवों में श्रेष्ठ महामानव थे, वीरों में शिरोमणि वीर थे, जिन्होंने हमारे देखते देखते इतिहास की पूरी धारा को ही मोड़ दिया। जैसा कि इकबाल ने कहा है :—

लोग कहते हैं बदलता है जमाना हरदम
मर्द वह हैं, जो जमाने को बदल देते हैं।

भारत से अंग्रेजों के जाने के बाद और बटवारे की वजह से पैदा हुई मुसीबतों और कठिनाइयों के समय जब हम पर अपने खुद मामलों को निबटाने की जिम्मेदारी आ गयी तो नेहरू ने उन मुसीबत ज़दा हालत से केवल हमें निकला ही नहीं, बल्कि समय के धुंधलके से हमें निकाल कर इस बुलन्दी से खड़ा किया कि हम सिर ऊँचा करके चल सके और अपने भविष्य के प्रति नयी निष्ठा और विश्वास लेकर आगे बढ़ सके।

वे हमें ऐसे अमर दिखाई दिये कि हम आज के हालात की कल्पना तक न कर सके कि एक दिन उनके हाथ का साया हम से छिन जायेगा। वे सच्चे अर्थों में नेता थे और उन्होंने अपनी जनता के प्रति अधिक वफादारी दिखलाई और अपनी मानवीय विषयों की विलक्षण बुद्धि से, भारतीय जनता पर जोर देते हुए उन्होंने हमेशा उस सवाल का जवाब दिया। एक प्रकार

से अपनी इच्छा जनता पर लादने के मामले में वे लोकतान्त्रिक तरीके को अपनाने में ही पूरी तरह यकीन करते थे। इसके इलावा अनेक वर्षों तक हमारा नेतृत्व करते हुए उन्होंने हम सब में जो ताकत पैदा की थी, उसने उन्हें विश्वास दिला दिया था कि उनकी जनता उनके प्रति विश्वासघात न करेगी और इसी वजह से, हमें उनके सपनों के भारत के प्रति सुदृढ़ और अडिग बने रहने और एकता तथा अनुशासन पूर्वक भविष्य का सामना करने के लिए नया संकल्प करना होगा। पण्डित जी की याद में हम इससे बढ़कर और कोई श्रद्धांजलि अर्पित नहीं कर सकते कि सारे संसार को यह दिखा दें कि उनकी मृत्यु ने हमें मायूस नहीं किया है, वरन इसके विपरीत तरक्की और अमन की उस मशाल को, जो शान के साथ वे हमें विरासत के तौर पर सौंप गये हैं, आगे बढ़ाने के लिए हमें और अधिक मज़बूत बनाया है।

चूंकि नेहरू जी ने हमारे वजूद के हर पहलू पर गहरा असर डाला है इसलिए अगर शुरू २ में हमें थोड़ा भय और अरक्षा की भावना घेर ले तो आश्चर्य की बात नहीं। उर्दू के शायर सिकन्दर अली वज्द ने कहा भी है—

तेरा जमाल निगहबाँ नहीं, तो कुछ भी नहीं,
वतन में अमन का सामां नहीं तो कुछ भी नहीं।

क्या हुआ अगर उनके ज़ाहिरी 'जमाल' का दीदार हमें नसीब न होगा। मगर जो रोशनी उन्होंने हमें दी है, वह आने वाली पीढ़ियों तक हमारे दिलों और दिमागों को रोशन रखेगी और हमें सही रास्ता दिखाती रहेगी।

जवाहर लाल के पूर्वज

—बसंत कुमारी (व० हा० स्कूल)

पं० जवाहर लाल जी के पूर्वज कश्मीर निवासी थे। इनके परदादा पं० राज कौल जी अठारवीं शताब्दी में कश्मीर छोड़ कर भारत में आ बसे। इनकी जागीर आदत अली खां की नहर के किनारे थी। अतः तब से इस परिवार का उपनाम 'नेहरू' पड़ गया। पं० राज कौल के सुपुत्र पं० लक्ष्मी नारायण ईस्ट इण्डिया कम्पनी में नौकर थे। लक्ष्मी नारायण जी के सुपुत्र पं० गङ्गाधर नेहरू दिल्ली में कोतवाल थे। प० गङ्गाधर नेहरू जी की मृत्यु १८६१ ई० में हुई और उसके कोई तीन सप्ताह बाद ६ मई, १८६१ ई० में मोती लाल जी का जन्म हुआ।

शांति के देवता

—निर्मला कुमारी (व० हा० स्कूल)

हमारे जवाहर का नाम सारे संसार में सूर्य की तरह प्रकाशमान है। इस संसार में ऐसा कोई भी मानव नहीं है, जोकि इनको नहीं जानता है। क्योंकि वे शान्ति के देवता थे।

इन्होंने पंचशील को विश्व शान्ति का आधार बना दिया क्योंकि उस समय भारत माता को शान्ति की बहुत आवश्यकता थी। इन्होंने पंचशील के सिद्धान्तों को बड़ी सफलता के साथ प्रयोग किया। यह इन सिद्धान्तों के कट्टर हामी थे। वैसे अगर हम इसके जीवन पर प्रकाश डालेंगे तो शायद कभी भी कलम रुकने का नाम नहीं लेगा, क्योंकि ये हिमालय की तरह ऊंचा और गंगा की तरह पवित्र है। जिस तरह उनकी गणना करना कठिन है उसी तरह नेहरू जी के विषय में लिखना भी बड़ा कठिन है। जो गुण एक आदर्श व्यक्ति में होने चाहियें वे सब नेहरू जी में विद्यमान थे।

पंचशील के पांच सिद्धान्तों पर चल कर इन्होंने विज्ञान के चमत्कार को बढ़ते हुये देखकर यह समझ लिया कि आगे यही विज्ञान के चमत्कार हमारे लिये हानिकारक होंगे। इन्होंने बड़े २ मुल्कों से यह अपील की कि हम विज्ञान के द्वारा बनाई हुई वस्तुओं से बचने के लिये और कोई काम करें। इन्होंने सब लोगों को बताया कि यदि हम विज्ञान के द्वारा बहुत बड़े आविष्कार करेंगे तो फिर किसी न किसी दिन सारा संसार नष्ट हो जायेगा। नेहरू जी की यह बात सब लोगों ने सच्चे दिल से स्वीकार की। जिसका कारण यह हुआ कि संसार बडे आलमगीर जंग से बच गया। पंचशील के सिद्धान्तों के द्वारा ही इन्होंने बहुत से मुल्कों को आज़ादी दी।

जवाहर भारत के लिये ही नहीं बल्कि सारे संसार के लिये एक चमकता हुआ तारा पैदा हुआ था। जोकि अब सदा के लिये छिप गया है। यह रत्न महात्मा गांधी ने भारत माता को प्रदान किया था। लेकिन निर्दय मौत ने नाज़ुक समय में इसको हम से छीन लिया। अब लाख प्रयत्न करने पर भी इन्हें पा नहीं सकेंगे। साईन्स ने बहुत सी उन्नति की। नेहरू जी ने इसके आविष्कारों को पवित्र राह पर ले लिया। पंचशील के प्रयोग के कारण ही तीसरे महायुद्ध का भय दूर हुआ। पंचशील विश्वशान्ति की आधार शिला है।

नेहरू जी ने १९१६ में पहली बार महात्मा गांधी से बातचीत की उसी समय इन्होंने भारत माता की सेवा तन, मन, तथा धन से करने का प्रयास किया। उस दिन से २७ मई १९६४ तक ऐसा ही करता रहा। भारत माता की स्वतन्त्रता के लिये इन्होंने बहुत कठिनाइयां झेलीं कई बार जेल भी चले गये फिर भी इन्होंने भारत माता को आजादी देकर शान्ति की सांस लीं और गांधी जी के आदर्शों पर चलने लगे। गांधी जी ने अन्तिम समय में लोगों को कहा मैं अब भारत माता को वीर जवाहिर इसकी सेवा के लिये सुपद करता हूँ। गांधी जी की इस बात को ध्यान में रखकर जवाहर से सच्चे देश भक्त की तरह भारत माता की सेवा की। लेकिन आज वही सच्चा देश भक्त हम से सदा के लिये बिछड गया। हम इस बात को सहन नहीं करते हैं फिर हमें सहन करने के लिये विवश होना पडता है। क्योंकि जो पैदा होता है उसको अवश्य मरना पडता है। लेकिन नेहरू जी की मृत्यु से सारे संसार को बहुत बड़ा दुःख हुआ जाकि कभी भी भूला नहीं जा सकता। यह ऐसा मनुष्य था जिसको सभी लोग प्यार और सम्मान की दृष्टि से देखते थे। आज लाखों आदमियों की आंखें नेहरू जी की सूरत देखने के लिये पलकों में आंसू लिये तड़प रही है। इस वक्त हमारा जी उस पर निछावर होने के लिये तड़पता है, फिर भी न जाने कौन सी बात हमें धैर्य देकर यह दुःख सहने के लिये विवश करते हैं। इस संसार में नेहरू जी जैसे लोग सदियों के बाद पैदा होते हैं। इसके दिल में हर एक लिये सच्चा प्यार उमड़ता रहता था। नेहरू जी अधिकतर बच्चों से प्यार करते थे इसलिए सभी बच्चे उन्हें 'चाचा नेहरू' के नाम से पुकारते थे। विशेषकर कश्मीर के बच्चे इन्हें देखकर फूले नहीं समाते थे। क्योंकि उन्हें कश्मीर से आगाध स्नेह था।

पं० जवाहर लाल जी की गणना संसार के महान् पुरुषों में होती है। यद्यपि आज नेहरू जी हमारे बीच में नहीं है फिर भी यह हमारे दिलों में अमर है। इन्होंने अपने भव्य व्यक्तित्व से भारत माता की काफी सेवा की। इनकी आत्मा सदा हमारे ही लिये नहीं बल्कि सारे संसार के लिये प्रथ-प्रदर्शक रहेगी।

वसन्त

(कोशुर भोग)

वर्ष ३ | जवाहर अंक १९६४ | अंक २

जवाहिर लालस कुन

—मुख्ता बानो (व० हा० स्कूल)

नावस लगस जवाहिर लालस   हावस म्य छुम कर वुछन
यियिना अकि लटि हालिदिल बावस   हावस म्य छुम कर वुछन

वन्य दिनि फेरस कोहन त' बालन   कुनि मा वुछवोन जवाहिर लाल
जवाहिर लालनिस टा'ठिस नावस   हावस म्य छुम कर वुछन ।

पोख्त कारस "मोख्त" छक नावस   पोशन माल करनावन छस
होश रोवुम गोश थाव नावस   हावस म्य छुम कर वुछन ।

लाल जवाहिरन माल करनावस   नाल्य त्रावस तस लालस
गाम शहरन व्ययि फिरनावन   हावस म्य छुम कर वुछन ।

नावस तसन्दिस खैराथ करनावस   का'शिर लूख हालिदिल बावनस
पान वन्द ब' तस जानानस   हावस म्य छुम कर वुछहन ।

"मोख्त" अज कति ता'रोफ करनावस   दिलक्यव कनव बोजनावस
मोहरन द्यारन माल करनावस   हावस म्य छुम कर वुछहन ।

सोन जवाहिर

—राधाकृष्ण सपरू 'बेकस' (व० हा० स्कूल)

कोत गव सोनुय जवाहिर लाल
तोहि मा वुछवोन जवाहिर लाल
कुनि मा वुछवोन जवाहिर लाल
कोत गव सोनुय जवाहिर लाल।

युस ओस चेश्मन सान्यन नूर
युस ओस बोलबुन लोलँ कोस्तूर
राज़ सुन्द तीज़ इन्द्राज़ सं'ज़ चाल
कोत गव सोनुय जवाहिर लाल।

सा'री वदान अछ्य गाश कोत गव
ज़गतुक सिरिय प्रकाश कोत गव
शहर गाम छां'डितोन कोह् तय बाल
कोत गव सोनुय जवाहिर लाल।

शुर्य्य छिस वदान चाच सा'ब वलो
बॅडच छिस वदन लालँ सा'ब वलो
